


# भारतीय सेना गौरव एवं पराक्रम दिवस पर निकाली तिरंगा यात्रा

## तिरंगा यात्रा में नारों और तिरंगे की शान ने शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया





नवभारत न्यूज

**मैहर 12 अगस्त, जिले में भारतीय सेना गौरव एवं पराक्रम दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, कलेक्टर रानी बाटड, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिह, एसडीएम विकास सिह, सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित कई अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।**

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन और स्थानीय नागरिक शामिल हुए, जिन्होंने भारत माता के जयकारों के साथ देशभक्ति का संदेश दिया। मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई जिसमें जिले का समस्त पुलिस बल, स्कूली छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकताह और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा अलाउद्दीन स्टेडियम से प्रारंभ होकर जेल तिराहा, राज्य परिवहन बस स्टैंड, स्टेट बैंक चौराहा, घंटाघर होते हुए नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी। वापस स्टेडियम में समापन हुआ। इस दौरान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का संदेश दिया गया और लोगों को देशभक्ति एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, एडिशनल एसपी चंचल नगर, सीएसपी महेंद्र सिह ,मैहर टीआई अनिमेष द्विवेदी एवं जिले का समस्त बल के साथ अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। यात्रा में देशभक्ति के नारों और तिरंगे की लहराती शान ने पूरे शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**रामनगर 12 अगस्त, भरी बरसात में दिखा राष्ट्र प्रेम का अनुपम नजारा , मैहर जिले के रामनगर मंडल में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के पूर्व कार्यक्रम में नगर में तिरंगा रैली का गरिमा मयी आयोजन सम्पन्न हुआ**

भाजपा जिलाध्यक्ष,कमलेश सुहाने,मंडल अध्यक्ष इंजीनियर प्रियंका सिंह पटेल ,पूर्व राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल,सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल सहित अन्य भाजपा मंडल के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उत्साह मयी उपस्थिति रही,साथ ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं शिक्षकों,शिक्षिकाओं ने भी तिरंगा रैली के पावन आयोजन में चार चांद लगाये, यद्धपि बीच रैली में हुई जोरदार बारिश की परवाह किये बिना बच्चो ने देशभक्ति के गानों की धुन पर राष्ट्र प्रेम का जुनून लहराते राष्ट्र ध्वज में साकार दिखाया वहीं कुछ मान्य नीय रैली से किनारे होकर,छाया छत्र की तलाश में दिखे% सतना कैम्प रामजानकी मन्दिर से प्रारम्भ हुई तिरंगा रैली विभिन्न मार्गों से होकर मसमासी तिराहा,थाना चौक ,गोरहाई रोड से होते हुए सतना कैम्प में सम्पन्न हुई.



# कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हाल अत्यंत बेहाल

नवभारत न्यूज

**कोठी 12 अगस्त, मध्य प्रदेश शासन के नगरीय निकाय विभाग कि राज्य मंत्री के क्षेत्र का एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों अपने हाल पर रो रहा है हालत यह है कि यदि यहां कोई गंभीर मरीज आ जाए तो उसकी जान पर बात आ जाती है.**

ऐसे नजारे कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सदैव देखने को मिलते हैं क्योंकि यहां किसी भी जिम्मेदार द्वारा अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई जाती चाहे वह कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हो डॉक्टर हो कर्मचारी अथवा संबंधित जनप्रतिनिधि, क्षेत्र का विधायक रोगी कल्याण समिति का अध्यक्ष होता है इसके बावजूद वह मंत्री हो और उसके क्षेत्र का हाल ऐसा हो जबकि उसके क्षेत्र में एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हो फिर भी वहां की जनता सुविधाओं के लिए मोहताज हो वह स्वास्थ्य संबंधी, एक्स-रे मशीन तो होने के बावजूद आज तक नहीं चालू हो पाई और वह खराब होने को चली फिर भी आज तक मंत्री बने 2 वर्ष हो गए परंतु वह चालू नहीं हो पाई इससे अच्छे दिन क्षेत्र के क्या हो सकते हैं जनप्रतिनिधि एवं सभी सरकार के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता फोटो शेसन तक सीमित रह गए हैं कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों भाजपाइयों के जन्मदिन मनाने का सिर्फ और सिर्फ अड्डा बन गया है इसके उदाहरण पिछले कई महीनो से देखने को मिले हैं रोगियों की दवाइयां एवं उपचार से कोई लेना देना नहीं आज एक ऐसा ही वायका देखने को मिला,कोठी के वार्ड क्रमांक 15 निवासी गोपी बुनकर अचानक हर्निया की शिकायत से ग्रसित हो गए और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचे परंतु वहां पर कोई भी डॉक्टर नहीं मिला वह तड़प रहे थे और वहां पर कोई एंबुलेंस ही नहीं थी और वह गरीब घर के थे इसलिए कोई विशेष ध्यान भी नहीं दे रहा था उन्हीं के वार्ड के निवासी गुड्डू सिंह कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और फोन लगाकर जानकारी दी की कोठी अस्पताल पर तो ना ही एंबुलेंस है ना ही कोई ड्यूटी डॉक्टर काम चलाऊ प्रभारी डॉक्टर मौजूद है मेरे पड़ोस का मेरी तड़प रहा है फिर वहां मीडिया के प्रतिनिधि बृजेश गर्ग सोनू के पहुंचने के बाद कवरेज करने के दौरान कहीं जाकर एंबुलेंस पहुंची और उसे सतना के लिए रेफर किया गया परंतु उसे कोई उपचार नहीं मिल सका और वह जिंदगी और मौत से खेलते हुए कोठी से सतना के लिए रवाना हुआ, उसकी माता वहां मौजूद थी उसने बताया कि 1 घंटे से अधिक समय से हो गया हम यहां परेशान हैं कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद एक्स-रे मशीन के हालात तो ऐसे हो गए हैं की जैसा वह कोठी वासियो के लिए बदकिस्मती हो या कोई षड्यंत्र जिससे आने वाले रोगियों को बाहर की जांच एवं एक्स-रे करवाना पड़ता है।

# राहुल गांधी की लड़ाई सिर्फ राजनैतिक नहीं हर नागरिक की लड़ाई है : जीतू पटवारी

## आप पार्टी के प्रत्याशी सहित कई नेताओं ने जीतू पटवारी के हाथों कांग्रेस की सदस्यता ली

नवभारत न्यूज

**मैहर 12 अगस्त, कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज मां शारदा देवी के दर्शन पश्चात् कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी। श्री जीतू ने कहा कि राहुल गांधी की लडाीई सिर्फ राजनैतिक ही नहीं बल्कि देश के हर नागरिक की लड़ाई है। देश में ईवीएम में संभावित गड़बड़ी का मुद्दा श्री गांधी के द्वारा उठाया गया है, अगर एक व्यक्ति दस मतों का उपयोग कर रहा है तो देश का लोकतंत्र खतरें है।**

श्री पटवारी ने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता की तरह काम कर रहा है। उनका कहना था कि नरेन्द्र मोदी को तीन बार प्रधानमंत्री बनाने में चुनाव आयोग का सहयोग चिंताजनक है।

श्री पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश की मौजूदा सरकार 19 महीने में किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है गेहूं के 2700 रुपए, धान के 3100 रुपए, बहनों को 3000 रुपए एवं 450 रुपए का गैस सिलेण्डर और ढाई लाख नौकरियों का वायदा अधूरा है। किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए कहा कि खाद,यूरिया और डीएपी की कमी है। किसनों की फसलें सही दाम पर नहीं बिक रही है। प्याज, लहसुन , आलू , सोयाबीन और मक्का के दाम गिर रहे है जिस पर सरकार मौन है।



**किया गया स्वागत-** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का आज मां शारदा की पावन नगरी मैहर आगमन हुआ। इसके पहले प्रात-काल जबलपुर एयरपोर्ट में कांग्रेस के युवा नेता एवं पार्षद ध्यानेश सनी घई अपने साथियों के सहित पहुंच कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का जोरदार भव्य स्वागत किया गया । तत्पश्चात् मैहर पहुंचने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई मैहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी, अरुण तनय मिश्रा,मनीष पटेल, रमापति गौतम, डॉक्टर विष्णु पांडे अमजद खान ,रामभद्रपांडे , पंकज मिश्रा,रमेश प्रजापति सहित भव्य का स्वागत किया ।मैहर आकर सबसे पहले माई के चरणों में शीश नवाकर प्रदेश की जनता के सुख, समृद्धि और सौभाग्य के लिए आशीर्वाद मांगा। दर्शन पश्चात लाल कोठी मार्ग में कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वे सम्मिलित हुए जहां पर मैहर जिला ब्लॉक कांग्रेस से प्रेरित होकर आम आदमी पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी आम आदमी पार्टी के नेताओं बैजनाथ कुशवाहा, गणेश चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्ष व्यवसायी महेंद्र त्रिपाठी, महेंद्र रोतियां जिला अध्यक्ष ,बबलू साहू जिला महासचिव,जितेंद्र कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष ,सर्फराज अहमद जिला उपाध्यक्ष यूथ विग, प्रदीप कुशवाहा जिला सह सचिव ,रजनीश बुनकर जिला उपाध्यक्ष एससी विग, धर्मेंद्र सिह जिला उपाध्यक्ष किसान बिग, डॉक्टर राजभान सिह जिला उपाध्यक्ष ,सुरेंद्र सोनी जिला उपाध्यक्ष ओबीसी बिग ,दादौली कुशवाहा,तेज बहादुर कुशवाहा ,ऋतिक त्रिपाठी सहित कई आम आदमी पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने जीतू पटवारी के करकमलों से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर अपने राजनीतिक जीवन में नया अध्याय जोड़ा ।

स्वागत में प्रमुख रूप से अखिल मिश्रा विश्व मोहन बड़गैया , सनी सिह, शारदा पटेल, पुष्पराज बुंदेला, अक्षय कुमार दहिया ,उदय भान सिह, चंद्रभान सिह, मोती पटेल, मोहम्मद शरीफ ,दुर्गेश पटेल ,शेख जबरील,सौरभ गुप्ता, मोनू लोधी,देवांग चौरसिया, जान मोहम्मद पंकज सोनी आदि उपस्थित रहे।

# अमकुई की बेटी अर्चना को मध्य प्रदेश शासन ने किया सम्मानित

- अर्चना पूर्व में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं



नवभारत न्यूज

**नागौद 12 अगस्त, अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज दिनांक 12/08/25 को मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार सत्र 2020-21 के लिए शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक अर्चना कुशवाहा को सम्मानित किया गया।**

अर्चना सतना जिले की नागौद तहसील अंतर्गत अमकुई ग्राम की निवासी हैं, अर्चना ने बताया है कि यह पुरस्कार उन्हें भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों में शिक्षा के साथ-साथ स्वैच्छिक सामाजिक सरोकार के कार्यों में विगत वर्षों में वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर, मतदाता जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, कोविड 19 महामारी के दौरान जरूरतमंद लोगों की मदद करने एवं जरूरत की चीज को मुहैया कराने एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रमों में सहभागिता कर उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है। इसके पूर्व अर्चना को 24 सितंबर 2022 को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार सत्र 2020-21, सतना गौरव सम्मान 2023, विंध्य गौरव अवार्ड 2022 से भी सम्मानित किया जा चुका है। अर्चना वर्तमान में प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रही है एवं सतना नगर निगम स्वच्छता की ब्रांड एंबेसडर भी हैं। अर्चना ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता बेला कुशवाहा, पिता रामअवतार कुशवाहा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक गुरु मां डॉ क्रांति मिश्रा को दिया है। इस उपलब्धि के लिए अर्चना को राष्ट्रीय सेवा योजना उप कार्यक्रम सलाहकार एवं क्षेत्रीय निदेशक डॉ अशोक कुमार श्रोती ,पूर्व राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ आर के विजय, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ मनोज अग्निहोत्री, रासेयो युवा अधिकारी डॉ राजकुमार वर्मा ,पूर्व कार्यक्रम समन्वयक रासेयो डॉ सी एम तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक रासेयो डॉ अभिमन्यु सिंह,मध्य प्रदेश ईटीआई प्रशिक्षक राहुल सिंह परिहार, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूर्व प्राचार्य डॉ आर एस गुप्ता, डॉ शिवेश प्रताप सिंह, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस सी राय,कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ छाया श्रीवास्तव,डॉ भास्कर चौरसिया, डॉ गरिमा सिंह, समस्त महाविद्यालय प्राध्यापक गण एवं समस्त रासेयो स्वयंसेवकों ने बधाई व शुभकामनाएं दीं ।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, अमरपाटन में तिरंगा रैली का भव्य आयोजन



नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 12 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विकासखंड अमरपाटन में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन अनुसार "हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता" संदेश के साथ तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमरपाटन एसडीएम श्रीमती आरती सिंह जी रही तिरंगा रैली का शुभारंभ पीएम श्री कन्या विद्यालय से हुआ जो नगरपालिका होते हुए गांधी चौक से होते हुये मुख्य चौराहे तथा रामनगर रोड से होते हुए थाना के सामने से नगर पालिका परिसर के पास संपन्न हुई इस आयोजन में कई विभाग शामिल जिसमें महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी नागेंद्र तिवारी एवं समस्त कर्मचारी नगर पालिका के पार्षदों वा समस्त कर्मचारीयों की उपस्थिति रहीं इनके अलावा पूनम पटेल विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवक कल्याण विभाग पीएम श्री कन्या विद्यालय संदीपनि विद्यालय, हाई स्कूल एवं अन्य विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षकगण और नगरवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रैली का सफल संचालन नगर पालिका एवं खेल एवं युवक कल्याण विभाग की की विशेष सहभागिता रहीं । रैली में राष्ट्रभक्ति के गीतों नारों और स्वच्छता के संदेश से नगर का वातावरण गूंज उठा।

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करना, तिरंगे के सम्मान का संदेश देना एवं स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा।

# देहदान कर अमर हो गए पिथौराबाद के बाल्मीक

- होंगे गार्ड ऑफ ऑनर पाने वाले जिले के पहले देहदानी , मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद पहली बार देहदानी का सम्मान



नवभारत न्यूज

**सतना 12 अगस्त, उचेहरा तहसील के पहले देहदानी पिथौराबाद निवासी 86 वर्षीय वाल्मीक सिंह का मंगलवार अपराह्न निधन हो गया।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की घोषणा के अनुसार देहदान घोषणा व्यक्ति के पार्थिव शरीर को "गार्ड ऑफ ऑनर" देकर शासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आदेश के परिपालन में सतना जिले में देहदान करने वाले व्यक्ति को पहली बार %गार्ड ऑफ ऑनर% दिया जाएगा।

**क्षेत्र से दूसरा देहदान, पहले संकल्पित रहे है बाल्मीक सिंह-** पद्मश्री बाबूलाल ने बताया कि बाल्मीक सिंह उचेहरा क्षेत्र के प्रथम देहदान के लिए संकल्प लेने वाले व्यक्ति है 10 वर्ष पहले उन्हें जब एक डाक्टर द्वारा बताया गया कि कम से कम 3 छात्रों के बीच एक डेड बॉडी की आवश्यकता होती है तो वे सहर्ष अपना शरीर मेडिकल कॉलेज को दान देने हेतु तैयार हो गए थे और भाई देवलाल सिंह के साथ देहदान का फॉर्म भर संकल्प लिया था। उन्ही की प्रेरणा से क्षेत्र में दर्जनों लोग देहदान का संकल्प फॉर्म भर चुके हैं। वहीं उचेहरा क्षेत्र का यह दूसरा देहदान है बीते वर्ष 30 मई 2024 को अटरा गांव के ब्रह्मचारी सिंह तोमर के निधन के उपरांत मेडिकल कॉलेज सतना में बॉडी सौंपी गई थी।

**आज अंतिम दर्शन**

बताया गया कि उनके निधन के बाद संकल्प के मुताबिक पुत्र कमलेश सिंह,इंद्रपाल सिंह,संतोष सिंह खेलु सिंह व भारत सिंह मेडिकल कॉलेज सतना में देहदान करेंगे। मंगलवार को देह को फीजर में रखा गया है। बुधवार परिवारजन व रिश्तेदारों के अंतिम दर्शन उपरांत मेडिकल कॉलेज सतना में गार्ड ऑफ ऑनर देकर ससम्मान श्रद्धांजली दी जाएगी।

# बेरमा मंडल में विशाल बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन



नवभारत न्यूज

**अमदरा 13 अगस्त, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश एवं जिले के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बेरमा मंडल के नेतृत्व में भव्य एवं विशाल बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन ग्राम महेदर एन.एच.-30 से अमर जवान स्मारक संपत साहू स्मारक घुसडू नदी तक किया गया.**

तिरंगा यात्रा का समापन शहीद स्मारक संपत साहू जी को पुष्पांजलि अर्पित कर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा फट्टी बाबा आश्रम दसईपुर में किया. इस अवसर पर विधायक मैहर श्री श्रीकांत चतुर्वेदी जी ने कहा कि इस यात्रा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता अखंडता के प्रति जन मानस को जागृत करना था. शहीदों के बलिदान को नमन और भारत माता के चरणों में अपनी निष्ठा और योगदान को समर्पित करने हेतु जगह जगह आयोजित की जा रही है जिससे कि राष्ट्रीयता का भाव समाज और युवाओं में जागृति हो.कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी बेरमा मंडल की इस तिरंगा यात्रा की पार्टी की तरफ से यात्रा की प्रभारी क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जयंती महेश तिवारी जी लगातार पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रही उक्त कार्यक्रम में वार्ड 12 के जिला पंचायत सदस्य श्री देव दत्त सोनी जी, पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह जी कुसेंडी मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा महामंत्री राजेंद्र विश्वकर्मा उपाध्यक्ष बब्बू पटेल , उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पांडे सरपंचउपाध्यक्ष कौशल साहू , सुखेंद्र सिंह अजय पाल सिंह सतीश शर्मा, शिवकुमार पटेल अब्बू साहू मिठाई लाल साहू वीरेंद्र चतुर्वेदी अंबिका प्रसाद मिश्रा बाल्मिक पटेल श्रीमती सुनीता उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह युवा मोर्चा दिलीप पटेल महामंत्रीआशीष मिश्रा युवा नेता विनयराज सिंह धतूरा कार्तिक शर्मा जी शुभम बढगईया सत्यम बढगया , कैलाश विश्वकर्मा संदीप सिंह राजेंद्र प्रजापति एवं भाजपा के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं नागरिक गण उपस्थित रहे.

# घर घर तिरंगा ,हर घर स्वच्छता के संदेश के साथ नगर परिषद जैतवारा की तिरंगा यात्रा निकली

नवभारत न्यूज

**सतना 12 अगस्त,** संचनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशन में आज नगर परिषद जैतवारा में तिरंगा यात्रा शासकीय बालक हायर सेकेंड्री स्कूल से चलकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व मेन बाजार से होते हुए हनुमान चौराहा तक निकाली गई और हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता के नारों के घोष से सम्पूर्ण नगर वासियों के बीच स्वच्छता का संदेश पहुंचा। इस विशाल तिरंगा यात्रा मे निकाय की अध्यक्ष श्रीमती रेनू देवी राम लखन डोहर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पंजाब सिंह , नगर परिषद के उपयंत्री आनंद त्रिपाठी एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतवारा के प्राचार्य नृपेन्द्र प्रताप सिंह एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतवारा के प्राचार्य एवं नगर परिषद जैतवारा से कर्मचारी लालजी विश्वकर्मा ,शैलेंद्र सिंह ,पीयूष त्रिपाठी ,लवलेश शर्मा ,जितेंद्र शुक्ला ,सुनील साकेत



शशि मिश्रा, रविराज सिंह , आनंद द्विवेदी , प्रभात मिश्रा , दयाराम शुक्ला, विनोद मिश्रा व शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतवारा एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतवारा का समस्त स्टाफ एवं नगर परिषद जैतवारा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# समीपवर्ती रीवा में जुड़ने दें राजनीति कर शोषण न करें

- 85 किलोमीटर से भला है 20 किलोमीटर से, मुकुन्दपुर को धरोहर कहना शोभा नहीं देता : विनोद पाण्डेय



नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 12 अगस्त, समाजसेवक विनोद पांडेय निवासी परसिया ने मुकुन्दपुर अंचल पर चिंता करते प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि मुकुन्दपुर से रीवा 17 किलोमीटर और मैहर नया कलेक्ट्रेट 85 किलोमीटर है।**

वहीं परसिया से रीवा 22 किलोमीटर तो मैहर 90 किलोमीटर और धोबहट से रीवा 22 किलोमीटर तो मैहर नया मुख्यालय 90 किलोमीटर और आमिन से रीवा 25 किलोमीटर तो मैहर 95 किलोमीटर और पपरा से रीवा 28 किलोमीटर मैहर 100 किलोमीटर तो राजनीति कर मैहर ले जाने वाले नेता माफ करें इस अंतर का होने वाले आर्थिक नुकसान का सदा सदा के लिए कौन जिम्मेदार होगा , साथ ही समय का नुकसान होगा। मैहर का नया जिला मुख्यालय पोंड़ी में बनवाया जा रहा है। नेता लोग केवल अपने अपने स्वार्थ के लिए आम जनता को गुमराह करने में लगे हुए हैं ,और जो नेता मुकुन्दपुर को धरोहर कह रहे हैं तो मेरा कहना है कि ऐसे नेताओं को जरा सा हिचकिचाहट नहीं आ रही है ।यदि मुकुन्दपुर को धरोहर मानते रहे तो मुकुन्दपुर को दिया क्या, मुकुन्दपुर में न थाना ,न तहसील ,न कालेज ,न राष्ट्रीय बैंक ,न आईटीआई कालेज,मात्र धरोहर कह देने से नहीं होता ,मुकुन्दपुर अंचल के मतदाताओं को प्रलोभन देकर वोट लेकर यही नेता रफूचक्कर होते रहे हैं।

# दिदौंध का परमानंदेश्वर महादेव शिव मंदिर, जहां प्राप्त होता है परम आनंद

- धारकुंडी आश्रम के महाराज जी ने किया था नामकरण

नवभारत न्यूज

**कोठी 12 अगस्त, दिदौंध गांव में तालाब के मेड़ पर बने श्री परमानंदेश्वर महादेव शिव मंदिर ऐसा परम दिव्य सिद्ध स्थल है जहां आ जाने मात्र से ही मन को अनायास ही परम आनंद की प्राप्ति हो जाती है मंदिर के चारों ओर लबालब पानी से भरा तालाब मंदिर की सुंदरता पर चार चांद लगाता है साथ ही चारों ओर मेड़ पर हरा-भरा परिदृश्य मंदिर को भव्यता प्रदान करता है मंदिर पर मौजूद शिवलिंग की प्रतिमा देखने में मानो ऐसी प्रतीत होती है जैसे स्वयं महादेव महाकाल विराजित हो।**

ग्रामीणों के अनुसार 21 वर्ष पहले सन 2004 में इस मंदिर की संरचना की रूपरेखा तय की गई समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से प्रेरणादायक सगमा निवासी शिक्षक अमरनाथ सिंह तथा दिदौंध गांव के अन्य प्रतिष्ठित एवं बुद्धिजीवी लोगों की प्रेरणा अनुसार वर्तमान समय में मुंबई में रह रहे गांव के ही समाजसेवी मोतीमणि सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उमा सिंह के विशेष सहयोग से इस मंदिर का निर्माण कराया गया और धीरे-धीरे इसका विस्तार भी किया गया इसी गांव के निवासी अजय सिंह अज्जू ने भी इसी मंदिर परिसर के बगल से एक मंदिर का निर्माण कराया साथ ही अन्य सहयोग प्रदान किया। इसके साथ-साथ गांव के विशेष सहयोगी जन रहे। स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह, स्वर्गीय श्याम सिंह, स्वर्गीय पंडित काशी प्रसाद सहित अमर बहादुर सिंह मास्टर साहब, पूर्व सरपंच उदय प्रताप सिंह, राघवेंद्र त्रिवेदी , रघुराज सिंह ,डॉक्टर बलवंत सिंह मणिराज सिंह, शिव प्रसाद त्रिवेदी




सहित अन्य वरिष्ठ समाजसेवी जन, धार्मिक एवं प्रभु प्रेमी शिव भक्त जनों के साथ ग्राम वासियों के विशेष सहयोग से यह धार्मिक पुनीत कार्य संभव हो पाया । इस मंदिर के निर्माण में महेंद्र सिंह ने विशेष रूप से श्रम और सबसे महत्वपूर्ण समय का सहयोग प्रदान कर मंदिर निर्माण में अभूतपूर्व सहभागिता निभाई। मंदिर निर्माण के उपरांत धारकुंडी परमहंस आश्रम के परम संत स्वामी सच्चिदानंद परमहंस धारकुंडी महाराज जी के श्री कर कमलो से मंदिर में पूज्य पंडित विद्वानों द्वारा प्रभु भोले नाथ की मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम वासियों ने तालेश्वर महादेव का नाम करण करने की इच्छा जताई परंतु धारकुंडी महाराज जी ने परमानंदेश्वर महादेव नामकरण किया जबसे यह परमानंदेश्वर महादेव शिव मंदिर के नाम से जाने जाना लगा इसके बाद यहां पर वर्ष भर धार्मिक आयोजन होते हैं एवं प्रतिदिन मंदिर में पुजारी पूजा पाठ करते हैं प्रतिवर्ष श्री राम कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाता है सावन एवं भादो मास में विशेष रूप से शिव जी की पूजा अर्चना की जाती है एवं प्रति सोमवार को अभिषेक सहित प्रभु भोलेनाथ का विशेष रूप से श्रृंगार किया जाता है प्रभु भोलेनाथ के सामने विराजित नादिया का अद्भुत स्वरूप मन मोह लेता है मंदिर में आयोजन के दौरान सभी ग्रामवासी सहभागी बनते हैं और मंदिर परिसर पर भजन कीर्तन एवं श्री रामचरितमानस के साथ साथ कन्या भोजन एवं भंडारे के आयोजन लोग बड़े ही भक्ति भाव से करते है ।

श्री राम कथा के आयोजन में दूर दराज से भी लोग यहां पर काफी संख्या में पहुंचते हैं और यह स्थान लोगों को परम आनंद की प्राप्ति देता है वर्तमान समय में श्री बद्री सिंह, नरसिंह देव सिंह भगवान एवं पुष्पेंद्र सिंह तन मन धन एवं समर्पित भाव से सेवा कर मंदिर की देखरेख एवं साफ सफाई का कार्य बड़ी तन्मयता के साथ कर रहे हैं एवं मंदिर निर्माण के उपरांत मंदिर के पूजा पाठ का नियमित कार्य पुजारी श्री उदय प्रकाश त्रिवेदी जी द्वारा किया जा रहा है एवं निरंतर श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन पुजारी द्वारा किया जाता है जो निरंतर कई वर्षों से चल रहा है यहां पर 108 बार रामचरितमानस का पाठ पूर्ण हो चुका है एवं उसकी दूसरी माला चल रही है, समाजसेवी मोतीमणि सिंह द्वारा पुजारी उदय प्रकाश त्रिवेदी को मंदिर के पूजा पाठ देख रेख एवं रामचरितमानस के नियमित पाठ की पारितोषिक दक्षिणा स्वरूप प्रतिमाह लगातार नियमित रूप से दी जा रही है साथ ही मंदिर में नियमित रूप से महिला भक्त मंडली एवं पुरुष भक्त मंडली द्वारा लगातार आयोजन किए जाते हैं जिससे यहां आने वाले भक्तों को भी अनायास ही मन को परम आनंद प्राप्त होता है।